प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

## जगत सिंह

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में नौतोड़ के 12 हजार 7 सौ 42 मामले लंबित हैं जो प्रक्रियाधीन हैं। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में 20 बीघा से कम भूमि वाले परिवार नौतोड़ भूमि के लिए पात्र हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को नौतोड़ भूमि मिलने से लोग बागवानी और खेतीबाड़ी कर आर्थिक तौर पर सशक्त होंगे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि वह नौतोड़ विधेयक को मंजूरी देने के संबंध में विधायकों के साथ राज्यपाल से कई बार भेंट कर निवेदन कर चुके हैं और इस संबंध में राजभवन द्वारा मांगी गई जानकारी प्रेषित कर दी गई है। इस दौरान जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि क्या वे जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को भूमि देने के पक्ष में नहीं है? राजस्व मंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के लोगों की मांग को वे लगातार उठाते रहेंगे।

## लोकेन्द्र कुमार

आनी के विधायक लोकेन्द्र कुमार ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग–305 के तहत सैंज–लूहरी–औट के विस्तारीकरण और भू–अधिग्रहण की विस्तृत परियोजना की कुल लागत 5 सौ 31 करोड़ 41 लाख रूपये देने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने इस राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए जल्द ही बजट की स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

## प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया है कि अपनी मलकीयत भूमि से जलाने की लकड़ी काटने व इसे बाहर भेजने के अधिकार को बहाल करने के बारे में वे प्रदेश सरकार से बात करेंगी। आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में उनसे मिलने आये हमीरपुर, कांगड़ा, ऊना व चम्बा जिलों के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिभा सिंह को इस बारे अवगत कराया।

## सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री केवल अपनी राजनीति चमकने के लिए राजभवन पर आरोप लगाते है और यह प्रथा उचित नहीं है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि राजभवन और राज्यपाल ने अगर नौतोड़ को लेकर कुछ कहा है तो सरकार को उसका जवाब देना

चाहिए न कि इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देकर लोगों को गुमराह करना चाहिए। सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया कि केंद्र से आ रही योजनाओं की प्रदेश की कांग्रेस सरकार समय पर डीपीआर भी तैयार नहीं कर पा रही है जो इनकी नाकामी को दर्शाती है।

## थांगटा चैंपियनशिप

हरिद्वार में 4 से 6 जनवरी तक आयोजित की गई 30वीं राष्ट्रीय थांगटा चैंपियनशिप में चंबा जिला के मैहला गांव के दो युवकों कार्तिकेय कटोच और हर्षित ठाकुर ने स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। चंबा पहुंचने पर इन खिलाड़ियों का अभिनंद किया गया। बाद में उन्होंने उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल से भी भेंट की। प्रतियागिता में मैहला गांव के कार्तिकेय कटोच ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में और हर्षित ठाकुर ने माइनस 58 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इन खलाड़ियों ने सरकार से थांगटा खेल को प्रोत्साहित करने की अपील की है ताकि उनकी तरह अन्य बच्चे भी आगे जाकर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है और तेज धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिल रही है। हालांकि बीते दिनों प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हल्के हिमपात और निचले क्षेत्रों में सुबह शाम घना कोहरे के साथ पाला पड़ने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------